प्रेस नोट

कृषि विभाग द्वारा नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के अधीन सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (आत्मा योजना) के अंतर्गत प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा लेखापाल के संविदा आधारित नियोजन हेतु ऑन लाईन प्राप्त आवेदन की सूची बामेती के वेबसाईट www.bameti.org पर प्रकाशित कर दी गई है। बामेती के निदेशक, डॉ. आर. एन. सिंह ने बताया कि आत्मा योजना के प्रखंड स्तरीय रिक्त पदों के विरुद्ध प्राप्त सभी आवेदनों की सूची का प्रकाशन किया गया है। बामेती के वेबसाईट पर उन आवेदकों की सूची का भी प्रकाशन किया गया है जिन्होंने पूर्ण रूप से आवेदन पत्र समर्पित नहीं किया था। डॉ. सिंह ने कहा कि आत्मा योजना में रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने आवेदन संबंधि जानकारी बामेती के वेबसाईट पर प्रकाशित सूची से कर सकते हैं।

डॉ. सिंह ने बताया कि इस सूची में अभ्यर्थी के द्वारा ऑन लाईन आवेदन में भरी गयी सूचना के आधार पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा लेखापाल के संविदा आधारित नियोजन की अग्रेतर कार्यवाई चरणबद्ध तरीके से जिला स्तर पर की जायेगी।

निदेशक बामेती ने बताया कि प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पद के अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग 01 नवंबर, 2014 को, सहायक तकनीकी प्रबंधक पद के अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग 05-06 नवंबर, 2014 तथा लेखापाल पद के अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग 07-08 नवंबर, 2014 को प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि संविदा आधारित नियोजन के लिए जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में चयन समिति गठित की जा चुकी है और इस संबंध में आगे की कार्यवाई जिला स्तर से की जायेगी।

विदित हो कि कृषि विभाग के द्वारा आत्मा योजना के अंतर्गत प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के 534 पद, सहायक तकनीकी प्रबंधक के 1602 पद तथा लेखापाल के लिए 534 पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु ऑन-लाईन आवेदन की मांग की गई थी, जिसमें ऑन लाईन आवेदन की अंतिम तिथि 05 सितंबर, 2014 रखी गई थी।

निदेशक बामेती